**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

2. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

**OMR Sheet No. :** ..........................................
(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

**Roll No.** ______________________
(In words)

**J 0 0 5 1 8**

# PAPER - II
# SOCIOLOGY

**Time : 2 hours]** **[Maximum Marks : 200**

Number of Pages in this Booklet : **32** | Number of Questions in this Booklet : **100**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of hundred multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④ where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में सौ बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।
   **उदाहरण :** ① ② ● ④ जबकि (3) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं। यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें। हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही प्रयोग करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा।

# SOCIOLOGY
## PAPER - II

**Note :** This paper contains **hundred (100)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

**1.** From among the following who has contended that individuals who could **not** fit in did not deserve to flourish ?

(1) Auguste Comte (2) Herbert Spencer
(3) Emile Durkheim (4) Max Weber

**2.** Which sociological perspective assumes that "most human gratification is derived from the actions of other humans" ?

(1) Symbolic interactionist (2) Exchange
(3) Exploitative (4) Structural

**3.** Which of the following is **not** a feature of community ?

(1) Specific locality
(2) Historical heritage
(3) A social, religious, occupational or other groups sharing common characteristics
(4) Small patches of localities spread over many areas

**4.** Learned and shared cultural products that justify certain type of behaviour in a given society are known as :

(1) Norm (2) Value (3) Culture (4) Custom

**5.** In a social setting if people assume that their own culture, group and behaviour are superior to those of others then it is known as :

(1) Ethnocentrism (2) Xenocentrism
(3) Selfcentrism (4) Nationalism

**6.** A set of beliefs and values that radically reject the society's dominant culture and prescribe an alternative one is called :

(1) Sub culture (2) Idioculture
(3) Counter culture (4) Cultural complex

**7.** A person is a school teacher, he is Vice Principal, member of a local club and President of the village panchayat. All these positions together constitute his :

(1) Status (2) Status set
(3) Multiple statuses (4) Status sequence

## समाजशास्त्र

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **सौ (100)** बहु–विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

**1.** निम्नलिखित में से किसने यह तर्क दिया है कि जो व्यक्ति उपयुक्त नहीं स्थापित हो सके वे आगे बढ़ने के पात्र **नहीं** हैं ?

(1) अगस्त कॉम्ट (2) हरबर्ट स्पेंसर

(3) इमाईल दुर्खाईम (4) मैक्स वेबर

**2.** किस सामाजिक परिप्रेक्ष्य में कल्पित किया गया है कि ''अधिकतर मानवीय परितोषण दूसरे लोगों की क्रियाओं से उत्पन्न होता है।'' ?

(1) प्रतीकात्मक अंत:क्रियावादी (2) आदान–प्रदान

(3) शोषी (4) संरचनात्मक

**3.** निम्नलिखित में से कौन–सी एक समुदाय की विशिष्टता **नहीं** है ?

(1) विशिष्ट स्थान

(2) ऐतिहासिक विरासत

(3) सामान्य विशेषताओं को साझा करने वाले एक सामाजिक, धार्मिक, व्यावसायिक या अन्य समूह

(4) कई क्षेत्रों में फैले स्थानों के छोटे–छोटे खंड

**4.** अधिगत और सहभाजित (साझा) वे सांस्कृतिक उत्पाद, जो एक दिए गए समाज में निश्चित प्रकार के व्यवहार का औचित्य ठहराते हैं, क्या कहलाते हैं ?

(1) आदर्शक (2) मूल्य (3) संस्कृति (4) प्रथा

**5.** एक सामाजिक प्रतिवेश में यदि लोग अभिग्रहण करते हैं कि उनकी स्वयं की संस्कृति, समूह और व्यवहार दूसरों की तुलना में अधिक श्रेष्ठ हैं तो उसे किस रूप में जाना जाता है ?

(1) नृजातिकेंद्रिकतावाद (2) अज्ञातकेंद्रिकतावाद

(3) स्वकेंद्रिकतावाद (4) राष्ट्रीयता

**6.** विश्वासों और मूल्यों का वह समुच्चय (सेट) क्या कहलाता है जो समाज की प्रभावी संस्कृति को अस्वीकृत करे और एक वैकल्पिक व्यवस्था को विहित करे ?

(1) उपसंस्कृति (2) जड़–संस्कृति

(3) प्रति–संस्कृति (4) सांस्कृतिक समष्टि

**7.** एक व्यक्ति एक विद्यालय शिक्षक है, वह उप–प्राचार्य है, स्थानीय क्लब का सदस्य है और ग्राम पंचायत का अध्यक्ष है। ये सभी स्थितियां मिलकर उसकी किस प्रस्थिति का निर्माण करती हैं ?

(1) प्रस्थिति (2) प्रस्थिति समुच्चय

(3) बहुल प्रस्थितियां (4) प्रस्थिति अनुक्रम

8. Who has given a structural theory of role conflict ?

(1) A.R. Radcliffe-Brown (2) R.K. Merton

(3) Talcott Parsons (4) G.P. Murdock

9. Who has considered that social structure is made up through the internal structure of roles ?

(1) A.R. Radcliffe-Brown (2) R.K. Merton

(3) R. Linton (4) S.F. Nadel

10. Who has given 'abridging the role relationships' as a mechanism of articulation of roles in the role set ?

(1) Talcott Parsons (2) S.F. Nadel (3) C. Levi-Strauss (4) R.K. Merton

11. The classification of groups into monad, dyad and triad is attributed to :

(1) P.A. Sorokin (2) G. Simmel (3) W.G. Sumner (4) G. Hasen

12. Which one of the following is **incorrect** match ?

(1) Sumner - In-group and Out-group

(2) Mead - Significant others

(3) Giddings - Horizontal and Vertical Groups

(4) Cooley - Primary and Secondary Groups

13. Who has defined classes as occupational groups created by division of labour and maintained by heredity ?

(1) Karl Marx (2) G. Schmoller (3) E. Durkheim (4) G. Friedmann

14. Anticipatory socialization takes place due to which one of the following ?

(1) Family behaviour (2) Schooling behaviour

(3) Play group behaviour (4) Reference group behaviour

15. Who accounts for the emergence of the state by differentiation into social classes within the community ?

(1) F. Oppenheimer (2) Karl Marx (3) Peter M. Blau (4) Max Weber

8. भूमिका-द्वंद्व के संरचनात्मक सिद्धांत का प्रतिपादन किसने किया है?

(1) ए.आर. रेडक्लिफ-ब्राॅउन (2) आर.के. मर्टन

(3) टालकॉट पार्सन्स (4) जी.पी. मर्डोक

9. यह किसने माना है कि सामाजिक संरचना भूमिकाओं की आंतरिक संरचना के माध्यम से बनती हैं?

(1) ए.आर. रैडक्लिफ-ब्राॅउन (2) आर.के. मर्टन

(3) आर. लिन्टन (4) एस.एफ. नाडेल

10. किसने 'भूमिका संबंधों के संक्षिप्तिकरण' को भूमिका विन्यास में भूमिकाओं को व्यक्त करने के एक तंत्र के रूप में प्रतिपादित किया है?

(1) टालकॉट पार्सन्स (2) एस.एफ. नाडेल (3) सी. लेवी-स्ट्रॉस (4) आर.के. मर्टन

11. समूहों के एकसंयुज, द्विसंयुज और त्रिक में वर्गीकरण का श्रेय किसको दिया जाता है?

(1) पी.ए. सोरोकिन (2) जी. सिमेल (3) डब्ल्यू.जी. समनर (4) जी. हासेन

12. निम्नलिखित में से कौनसा सुमेलित **नहीं** है?

(1) समनर - अंत:-समूह और बहि:समूह

(2) मीड - महत्वपूर्ण अन्य

(3) गिड्डिंग्स - समस्तरीय और विषमस्तरीय (उदग्रस्तरीय) समूह

(4) कूले - प्राथमिक एवं द्वितीयक समूह

13. किसने वर्गों को श्रम के विभाजन द्वारा सृजित और आनुवंशिकता द्वारा अनुरक्षित व्यावसायिक समूहों के रूप में परिभाषित किया है?

(1) कार्ल मार्क्स (2) जी. शुमोलर (3) ई. दुर्खाईम (4) जी. फ्रीडमैन

14. प्रत्याशित समाजीकरण निम्नलिखित में से किसके कारण घटित होता है?

(1) परिवार व्यवहार (2) शिक्षापरक व्यवहार

(3) क्रीड़ा-समूह व्यवहार (4) संदर्भ समूह व्यवहार

15. कौन समुदाय के भीतर सामाजिक वर्गों के विभेदीकरण के द्वारा राज्य के आविर्भाव की बात कहते हैं?

(1) एफ. ओपनहेमर (2) कार्ल मार्क्स (3) पीटर एम. ब्लाऊ (4) मैक्स वेबर

**16.** 'One fact that stands out, beyond all others, is that everywhere the husband, wife and immature children constitute a unit, apart from the remainder of the community'. Who said this ?

(1) R.H. Lowie (2) K.M. Kapadia (3) K. Davis (4) G.P. Murdock

**17.** Which one of the following processes is considered equivalent to socialization ?

(1) Acculturation (2) Accommodation

(3) Enculturation (4) Mobilization

**18.** The process involved in becoming an adult social being, with focus on childhood, is called :

(1) Primary Socialization (2) Secondary socialization

(3) Re-socialization (4) Anticipatory socialization

**19.** Who among the following formulated the theory of middle class within the Marxian framework ?

(1) R. Collins (2) L.A. Coser (3) R. Dahrendorf (4) G. Simmel

**20.** Who has classified social mobility into two ways : ''Social climbing" and "Social sinking" ?

(1) P.M. Blau (2) S.M. Miller (3) P.A. Sorokin (4) S.M. Lipset

**21.** 'X' is a clerk in an office, his father was a police inspector and his grandfather was a judge. What kind of change is this ?

(1) Horizontal mobility

(2) Vertical mobility

(3) Vertical downward mobility

(4) Vertical upward mobility

**22.** Among the following who has reconciled with the functional and conflict theory of stratification ?

(1) Celia S. Heller (2) Joseph T. Howell

(3) G. Lenski (4) Wilbert E. Moore

**23.** Who among the following has considered that history fluctuates between two kinds of culture-sensate and ideational during the phase of social change ?

(1) Comte (2) Spencer (3) Hobhouse (4) Sorokin

**16.** 'एक तथ्य जो अन्य सभी से परे अलग दिखता है, वह यह है कि चारों तरफ पति, पत्नी और अपरिपक्व बच्चे, समुदाय के बाकी लोगों के अतिरिक्त, एक इकाई का निर्माण करते हैं', यह किसने कहा है ?

(1) आर.एच. लोवी (2) के.एम. कपाडिया (3) के. डेविस (4) जी.पी. मर्डोक

**17.** निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया समाजीकरण के समतुल्य मानी जाती है ?

(1) परसंस्कृतिग्रहण (2) समंजन

(3) संस्कृतिग्रहण (4) लामबंदी

**18.** बाल्यावस्था पर ध्यान केन्द्रित करने के साथ एक वयस्क सामाजिक प्राणी बनने में निहित प्रक्रिया क्या कहलाती है ?

(1) प्राथमिक समाजीकरण (2) द्वितीय समाजीकरण

(3) पुनर्समाजीकरण (4) प्रत्याशित समाजीकरण

**19.** निम्नलिखित में से किन्होंने मार्क्सवादी ढांचे के भीतर मध्यम वर्ग के सिद्धांत का प्रतिपादन किया ?

(1) आर. कोलिन्स (2) एल.ए. कोज़र (3) आर. डैहरेनडॉर्फ (4) जी. सिमेल

**20.** किसने सामाजिक गतिशीलता को दो तरीकों - ''सामाजिक आरोहण'' और ''सामाजिक अधोगमन'' - में वर्गीकृत किया है ?

(1) पी.एम. ब्लाऊ (2) एस.एम. मिलर (3) पी.ए. सोरोकिन (4) एस.एम. लिपसेट

**21.** 'एक्स' एक कार्यालय में लिपिक हैं, उनके पिता एक पुलिस निरीक्षक थे और उनके दादा न्यायाधीश थे। यह किस प्रकार का परिवर्तन है ?

(1) समस्तरीय गतिशीलता

(2) विषमस्तरीय गतिशीलता

(3) विषमस्तरीय अधोमुखी गतिशीलता

(4) विषमस्तरीय उपरिमुखी गतिशीलता

**22.** निम्नलिखित में से किसने स्तरीकरण के प्रकार्यात्मक एवं संघर्षात्मक सिद्धांत के साथ सामंजस्य स्थापित किया है ?

(1) सेलिया एस. हेलर (2) जोसेफ टी. हॉवेल

(3) जी. लेन्स्की (4) विल्बर्ट ई. मूर

**23.** निम्नलिखित में से किसका यह मानना है कि सामाजिक परिवर्तन के दौर में इतिहास संस्कृति के दो प्रकारों - अनुभविक और संप्रत्ययात्मक के बीच आगा-पीछा करता है ?

(1) कॉम्ट (2) स्पेंसर (3) हॉबहाउस (4) सोरोकिन

24. Match **List-I** with **List-II**.

| | **List-I** **(Works)** | | **List-II** **(Sociologists)** |
|---|---|---|---|
| (a) | Structural Anthropology | (i) | A.R. Radcliffe-Brown |
| (b) | The Theory of Social Structure | (ii) | R.K. Merton |
| (c) | Structure and Function in Primitive Society | (iii) | S.F. Nadel |
| (d) | Social Theory and Social Structure | (iv) | C. Levi-Strauss |
| | | (v) | Talcott Parsons |

Select the **correct** answer from the codes given below :

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| (3) | (v) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

25. Who has studied the structure of Kinship system of African Tribes : Choctah and Omaha ?
(1) E.B. Tyler (2) A.R. Radcliffe-Brown
(3) Evans Pritchard (4) B. Malinowski

26. Who is associated with the study of 'structure of myth' ?
(1) C. Levi-Strauss (2) James Frazer (3) B. Malinowski (4) A.L. Kroeber

27. According to Durkheim which sequence of modern society is **correct** ?
(1) differences, high degree of interdependence, high moral density, repressive sanctions, low volume of collective conscience
(2) similarity, high degree of interdependence, low moral density, restitutive sanctions, high volume of collective conscience
(3) differences, high degree of interdependence, high moral density, restitutive sanctions, low volume of collective conscience
(4) differences, low degree of interdependence, high moral density, repressive sanctions, low volume of collective conscience

28. Who among the following contended that **not** all structures are indispensable to the working of the social system ?
(1) Parsons (2) Giddens (3) Merton (4) Simmel

29. Who among the following assumed that any society is composed of a series of subsystems that differ in terms of both their structure and function which have significance for the whole society ?
(1) Merton (2) Parsons (3) Durkheim (4) Giddens

30. Who among the following has identified four types - simple, compound, doubly compound and triply compound - of societies in their evolutionary stages ?
(1) Herbert Spencer (2) Auguste Comte
(3) Leonard T. Hobhouse (4) Emile Durkheim

**24.** **सूची**-I को **सूची**-II के साथ सुमेलित करिए।

| **सूची-I** **( कृतियां )** | | **सूची-II** **( समाजशास्त्री )** | |
|---|---|---|---|
| (a) | स्ट्रक्चरल एंथ्रोपोलॉजी | (i) | ए.आर. रेडक्लिफ-ब्रॉउन |
| (b) | दी थ्योरी ऑफ सोशल स्ट्रक्चर | (ii) | आर.के. मर्टन |
| (c) | स्ट्रक्चर एण्ड फंक्शन इन प्रीमिटिव सोसायटी | (iii) | एस.एफ. नाडेल |
| (d) | सोशल थ्योरी एण्ड सोशल स्ट्रक्चर | (iv) | सी. लेवी-स्ट्रॉस |
| | | (v) | टालकॉट पार्सन्स |

नीचे दिए गए कूट में **सही** उत्तर का चयन करें :

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| (3) | (v) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

**25.** किसने अफ्रीकी जनजातियों : चोक्टाह और ओमाहा की नातेदारी प्रणाली की संरचना का अध्ययन किया है?

(1) ई.बी. टॉयलर
(2) ए.आर. रेडक्लिफ-ब्रॉउन
(3) इवांस प्रिटचार्ड
(4) बी. मैलिनॉवस्की

**26.** निम्नलिखित में से कौन 'मिथक की संरचना' के अध्ययन से संबंधित हैं?

(1) सी. लेवी-स्ट्रॉस
(2) जेम्स फ्रेजर
(3) बी. मैलिनॉवस्की
(4) ए.एल. क्रोबर

**27.** दुर्खाईम के अनुसार आधुनिक समाज का कौन-सा अनुक्रम **सही** है?

(1) विभेद, उच्च श्रेणी की अंतर्निर्भरता, उच्च नैतिक घनत्व, दमनकारी प्रतिबंध, सामूहिक चेतना की अल्प मात्रा
(2) सादृश्य, उच्च श्रेणी की अंतर्निर्भरता, अल्प नैतिक घनत्व, क्षतिपूरक प्रतिबंध, सामूहिक चेतना की उच्च मात्रा
(3) विभेद, उच्च श्रेणी की अंतर्निर्भरता, उच्च नैतिक घनत्व, क्षतिपूरक प्रतिबंध, सामूहिक चेतना की अल्प मात्रा
(4) विभेद, निम्न श्रेणी की अंतर्निर्भरता, उच्च नैतिक घनत्व, दमनकारी प्रतिबंध, सामूहिक चेतना की अल्प मात्रा

**28.** निम्नलिखित में से किसने यह तर्क दिया कि सभी संरचनाएं सामाजिक प्रणाली के कार्यकरण के लिए अपरिहार्य **नहीं** हैं?

(1) पार्सन्स
(2) गिड्डेन्स
(3) मर्टन
(4) सिमेल

**29.** निम्नलिखित में से किसने कल्पित किया कि कोई भी समाज अपनी संरचना और प्रकार्य दोनों दृष्टियों से अलग-अलग होने वाली उप-प्रणालियों की ऐसी श्रृंखला से बना होता है जिसका समूचे समाज के लिए महत्व होता है?

(1) मर्टन
(2) पार्सन्स
(3) दुर्खाईम
(4) गिड्डेन्स

**30.** निम्नलिखित में से किसने अपने विकासवादी चरणों में समाजों के चार प्रकारों - सरल, यौगिक, दुगुने यौगिक और तिगुने यौगिक को अभिचिह्नित किया है?

(1) हर्बर्ट स्पेंसर
(2) अगस्त कॉम्टे
(3) लियोनार्ड टी. हॉबहाउस
(4) इमाईल दुर्खाईम

**31.** To Mead "the generalised others" and "significant others" are the creators of :

(1) I (2) Me (3) Ego (4) Super-ego

**32.** Who insisted that the interpretative process and the context in which it is done are the vital elements in the person's use of meaning and formation itself ?

(1) G.H. Mead (2) V. Pareto (3) Max Weber (4) H. Blumer

**33.** Who among the following made distinction between two types of conflict, namely, realistic and non-realistic ?

(1) Karl Marx (2) L.A. Coser (3) G. Simmel (4) R. Dahrendorf

**34.** Considering that conflict and consensus are the two sides of the same coin, who felt that handling both the faces was difficult ?

(1) Karl Marx (2) L.A. Coser (3) G. Simmel (4) R. Dahrendorf

**35.** What is the **correct** sequence of the below given steps of flow chart for conducting a research project ?

(a) Formulation of Hypotheses
(b) Review of literature and concepts
(c) Identification and conceptualization of problem
(d) Conclusion and generalization

Select the **correct** answer from the codes given below :

(1) (a), (c), (b) and (d) (2) (b), (c) (d) and (a)
(3) (c), (b), (a), and (d) (4) (d), (a), (c) and (b)

**36.** Which of the following is the **correct** sequence of disciplines according to hierarchy of Sciences ?

(1) Sociology, Biology, Mathematics and Physics
(2) Mathematics, Physics, Biology, and Sociology
(3) Physics, Mathematics, Biology and Sociology
(4) Biology, Mathematics, Physics and Sociology

**37.** Who maintained that study of society **cannot** be value free ?

(1) Durkheim (2) Marx (3) Mendel (4) Weber

**38.** Which one of the following methods is known as probability sampling ?

(1) A sample selected by Tippets Numbers from the given totality
(2) A sample selected from those who were available
(3) A sample selected considering the purpose of research
(4) A sample selected by considering the various categories of respondents

**31.** मीड के अनुसार ''सामान्यीकृत अन्य'' और ''महत्वपूर्ण अन्य'' किनके सर्जक हैं?

(1) मैं (2) मुझे (3) अहम् (4) पराहम्

**32.** किसने इस बात पर जोर दिया कि निर्वचनात्मक प्रक्रिया और वह संदर्भ, जिसमें इसे किया जाता है, व्यक्ति द्वारा अर्थ एवं स्वयं रचना के अनिवार्य तत्व हैं?

(1) जी.एच. मीड (2) वी. परेटो (3) मैक्स वेबर (4) एच. ब्लूमर

**33.** निम्नलिखित में से किन्होंने दो प्रकारों के संघर्ष, नामत: यथार्थवादी और अयथार्थवादी के बीच विभेद किया?

(1) कार्ल मार्क्स (2) एल.ए. कोज़र (3) जी. सिमेल (4) आर. डैहरेनडॉर्फ

**34.** इस बात पर विचार करके कि संघर्ष और मतैक्य एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, किसने यह अनुभव किया कि दोनों ही पहलुओं को संभालना कठिन है?

(1) कार्ल मार्क्स (2) एल.ए. कोज़र (3) जी. सिमेल (4) आर. डैहरेनडॉर्फ

**35.** अनुक्रम चार्ट के अधोलिखित सोपानों का एक शोध परियोजना का संचालन करने में कौन-सा क्रम **सही** व्यवस्थित है?

(a) परिकल्पना का निरूपण

(b) साहित्य एवं अवधारणाओं की समीक्षा

(c) समस्या की पहचान एवं संकल्पना-निर्धारण

(d) निष्कर्ष एवं सामान्यीकरण

नीचे दिये गये कूट से **सही** उत्तर का चयन करो :

(1) (a), (c), (b) और (d) (2) (b), (c) (d) और (a)

(3) (c), (b), (a), और (d) (4) (d), (a), (c) और (b)

**36.** विज्ञानों के अनुक्रम के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा विषयों का **सही** अनुक्रम है?

(1) समाजशास्त्र, जीव विज्ञान, गणित और भौतिकी

(2) गणित, भौतिकी, जीव विज्ञान और समाजशास्त्र

(3) भौतिकी, गणित, जीव विज्ञान और समाजशास्त्र

(4) जीव विज्ञान, गणित, भौतिकी एवं समाजशास्त्र

**37.** किसका यह मानना था कि समाज का अध्ययन मूल्य से मुक्त **नहीं** हो सकता?

(1) दुर्खाईम (2) मार्क्स (3) मेंडल (4) वेबर

**38.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक पद्धति प्रायिकता निदर्शन के रूप में जानी जाती है?

(1) दी गई सकलता से स्कंध-वस्त्र (टिप्पेट्स) संख्याओं द्वारा चयनित निदर्श

(2) उन लोगों से चयनित एक निदर्श जो उपलब्ध हैं।

(3) शोध के प्रयोजन पर विचार करते हुए चयनित निदर्श

(4) उत्तरदाताओं की विभिन्न श्रेणियों पर विचार करते हुए चयनित एक निदर्श

**39.** In which one of the following methods the danger of losing sharpness of observation is possible because of too much familiarity ?

(1) Interview method (2) Questionnaire method

(3) Participant observation method (4) Observation method

**40.** Of the following, which perspective facilitates the researcher while maintaining objectivity as an outsider to raise questions about the observed culture ?

(1) Etic perspective (2) Emic perspective

(3) Case study perspective (4) Participatory action perspective

**41.** Which technique is used in the quantitative method on documents to reduce the possibility of impressionistic distortion ?

(1) Content Analysis (2) Case Study

(3) Questionnaire (4) Observation

**42.** Who has developed a variation of 'life history' approach called 'literary folklorist' ?

(1) Thomas and Znaniecki (2) Dolby-Stahl

(3) Bertam (4) Freeman

**43.** Major credit for introducing case study method into the field of social investigation goes to :

(1) G.W. Allport (2) Robert Redfield

(3) Oscar Lewis (4) Fredrick Leplay

**44.** Validity in social research indicates which one of the following ?

(1) To which extent a measure possesses the quality of being true

(2) A test is thought to measure what it sets out to measure

(3) Both (1) and (2)

(4) None of the above

**45.** When the same test is completed by the same people on two different occasions, it is called ?

(1) Alternate form reliability (2) Split half reliability

(3) Test-retest reliability (4) Double reliability

**46.** Sum of squares of deviations from a central tendency (e.g. $\overline{X}$ or Md) is called :

(1) Mean Deviation (2) Variance

(3) Standard Deviation (4) Deviation ratio

**47.** A value in array is such that half the items are above and half below it. This value is called :

(1) Mode (2) Mean

(3) Median (4) Geometric Mean

**39.** निम्नलिखित में से किस पद्धति में अत्यधिक सुपरिचितता के कारण प्रेक्षण की तीव्रता को गंवाने की आशंका है?

(1) साक्षात्कार विधि (2) प्रश्नावली विधि

(3) सहभागी प्रेक्षण विधि (4) प्रेक्षण विधि

**40.** निम्नलिखित में से कौन-सा परिप्रेक्ष्य बाहरी के रूप में प्रेक्षित संस्कृति के बारे में प्रश्न उठाने के लिए वस्तुपरकता बरकरार रखते हुए शोध को सुकर करता है?

(1) व्यवहारपरक परिप्रेक्ष्य (2) व्यवस्थापरक परिप्रेक्ष्य

(3) व्यक्तिक अध्ययन परिप्रेक्ष्य (4) सहभागी क्रिया प्ररिप्रेक्ष्य

**41.** प्रभाववादी विकृति की संभावना कम करने के लिए अभिलेखों पर मात्रात्मक पद्धति में किस तकनीक का उपयोग किया जाता है?

(1) विषय-वस्तु विश्लेषण (2) व्यक्तिक अध्ययन

(3) प्रश्नावली (4) प्रेक्षण

**42.** किसने, ''जीवन-वृत्त'' दृष्टिकोण का एक वैभिन्न्य, जिसे ''साहित्यिक लोकागाथा'' कहा जाता है, विकसित किया है?

(1) थॉमस और जनानियकी (2) डॉल्बी-स्टॉह्ल

(3) बर्टम (4) फ्रीमैन

**43.** सामाजिक अन्वेषण के क्षेत्र में व्यक्तिक अध्ययन पद्धति का प्रचलन प्रारंभ करने का श्रेय किसको जाता है?

(1) जी.डब्ल्यू. ऑलपोर्ट (2) राबर्ट रेडफील्ड

(3) ऑस्कर लेविस (4) फ्रेडरिक लेप्ले

**44.** सामाजिक अनुसंधान में वैधता निम्नलिखित में से किसका सूचक है?

(1) जिस सीमा तक एक मापन सत्य होने की गुणवत्ता रखता है

(2) एक परीक्षण उसका मापन करने के अभिप्रेत होता है जिसका मापन करने के लिए वह निर्धारित है।

(3) (1) और (2) दोनों

(4) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

**45.** जब वही परीक्षण दो भिन्न-भिन्न अवसरों पर उन्हीं लोगों द्वारा पूरा किया जाता है तो उसे क्या कहा जाता है?

(1) वैकल्पिक आकार विश्वसनीयता (2) विभक्तार्थ विश्वसनीयता

(3) परीक्षण-पुनर्परीक्षण विश्वसनीयता (4) दोहरी विश्वसनीयता

**46.** एक केंद्रीय प्रवृत्ति (यथा $\overline{X}$ अथवा Md) से विचलनों के वर्गों का योग क्या कहलाता है?

(1) माध्य विचलन (2) प्रसरण (वैरिएंस)

(3) मानक विचलन (4) विचलन अनुपात

**47.** एक पंक्ति-व्यूह में एक मान इस तरह का है कि आधी मदें ऊपर और आधी उसके नीचे हैं। इस मान को क्या कहा जाता है?

(1) बहुलक (2) माध्य

(3) माध्यिका (4) ज्यामितीय माध्य

**(48 - 50) Read the passage given below :**

The ideal type methodology is one of Max Weber's best known contributions to contemporary sociology. He believed it was the responsibility of sociologists to develop conceptual tools which could be used later by historians and sociologists. Such a conceptual tool was the ideal-type. An ideal type is formed by the one sided accentuation of one or more points of view and by the synthesis of a great many diffuse, discrete, more or less present and occasionally absent, concrete individual phenomena, which are arranged according to those one sidedly emphasised view points into a unified analytical construct. . . . In its conceptual purity, this mental construct . . . cannot be found empirically anywhere in reality. It is essentially a measuring rod helpful in doing empirical research and in understanding a specific aspect of the social world.

**Answer the following questions based on your understanding of the above passage.**

**48.** According to Weber which of the following does not contain aspects of ideal type ?

(1) Mental construct, formed by one-sided accentuation, point of view, existing in reality

(2) Mental construct, formed by one-sided accentuation, point of view, can not be found empirically anywhere in reality

(3) Conceptual tool, formed by synthesis of many concrete individual phenomena related to morality

(4) It is a measuring rod helpful in doing research, understanding all aspects of social world

**49.** Which one is **not** the purpose of formulating ideal type ?

(1) Helpful in doing empirical research

(2) Facilitating causal explanation

(3) Finding solutions of social problems

(4) Helps in comparative analysis

**50.** What benefit the social scientist will get if he uses Weber's ideal type method ?

(1) The method is useful and helpful in doing qualitative research

(2) It's function is the comparison with empirical reality in order to establish its divergencies and similarities causally

(3) The method can be applied by anybody

(4) Only sociologists can apply this methodological tool

**51.** According to Alfred Schutz, an aspect of the social world called the 'Life-world' is :

(1) An imperatively coordinated association

(2) A social system

(3) An intersubjective world

(4) An objective reality

**( 48 - 50 ) नीचे दिए गए उद्धरण को पढ़ें :**

समकालीन समाजशास्त्र के प्रति मैक्स वेबर के सर्वाधिक ज्ञात योगदानों में से एक, आदर्श प्ररूप पद्धति है। उनका मानना था कि यह समाजशास्त्रियों का उत्तरदायित्व है कि वे ऐसे अवधारणात्मक साधन विकसित करें जिसको बाद में इतिहासवेत्ताओं और समाजशास्त्रियों द्वारा उपयोग किया जा सके। ऐसा अवधारणात्मक साधन आदर्श प्ररूप था। एक आदर्श प्ररूप की विरचना एक या अधिक दृष्टिकोणों के एकपक्षीय आघातन के द्वारा और बड़ी संख्या में विसरित, विविक्त, कमोबेश उपस्थित और कभी-कभी अनुपस्थित, ठोस व्यक्तिक घटनाएं, जो उन एकपक्षीय प्रबलित दृष्टिकोणों के अनुसार एक एकीकृत विश्लेषणात्मक रचना में व्यवस्थित किए गए हैं, के संश्लेषण के द्वारा होती है... अपनी अवधारणात्मक शुद्धता में, यह मानसिक रचना... वास्तविकता में अनुभविक रूप से कहीं भी नहीं पाई जा सकती। यह अनिवार्यत: अनुभविक शोध करने में और सामाजिक जगत के विशिष्ट पहलू को समझने में सहायक एक मापक दंड है।

**उपरोक्त उद्धरण की आपकी समझ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये।**

**48.** वेबर के अनुसार निम्नलिखित में से किसमें आदर्श प्ररूप के पहलू अंतर्विष्ट **नहीं** हैं ?

(1) मानसिक रचना, एकपक्षीय आघातन द्वारा विरचित, दृष्टिकोण, वास्तविकता में विद्यमान

(2) मानसिक रचना, एकपक्षीय आघातन द्वारा विरचित, दृष्टिकोण, वास्तविकता में आनुभविक रूप से कहीं भी नहीं पाई जा सकती

(3) अवधारणात्मक साधन, अनेक ठोस अलग-अलग घटना के संश्लेषण द्वारा विरचित, नैतिकता से संबंधित

(4) यह शोध करने में सामाजिक जगत के सभी पहलुओं को समझने में सहायक मापक दंड है।

**49.** निम्नलिखित में से कौन-सा आदर्श प्ररूप के निरूपण का प्रयोजन **नहीं** है ?

(1) अनुभविक शोध करने में सहायक

(2) कारणवाचक व्याख्या सुकर करना

(3) सामाजिक समस्याओं का समाधान करना

(4) तुलनात्मक विश्लेषण करने में सहायता पहुँचाता है।

**50.** यदि समाज विज्ञानी वेबर की आदर्श प्ररूप पद्धति का उपयोग करते हैं तो उन्हें क्या लाभ होंगे ?

(1) यह पद्धति उपयोगी है और यहाँ तक कि गुणवत्तापूर्ण शोध करने में भी सहायक है।

(2) इसका प्रकार्य इसकी अपसारिताएं और सादृश्य कारणता स्थापित करने के लिए अनुभविक वास्तविकता के साथ तुलना करना है।

(3) यह पद्धति किसी के द्वारा भी लागू की जा सकती है।

(4) केवल समाजशास्त्री इस पद्धतिपरक साधन को लागू कर सकते हैं।

**51.** आल्फ्रेड शुट्ज के अनुसार सामाजिक जगत का एक पहलू, जिसे 'जीवन-जगत' कहा जाता है, क्या है ?

(1) आदेशक रूप से समन्वित साहचर्य

(2) एक सामाजिक व्यवस्था

(3) एक आत्मनिष्ठविषयिक जगत

(4) एक वस्तुपरक वास्तविकता

52. Which of the following perspective focuses on the methods used by members of society to make sense of their everyday life ?
(1) Phenomenology (2) Ethnomethodology
(3) Symbolic Interactionism (4) Behaviorism

53. Which perspective is central to the work, 'Presentation of self in Everyday Life' by Goffman ?
